#Shahjahanpurpol

प्रेस नोट – सराहनीय कार्य, दिनांक 30.04.2023

थाना बण्डा पुलिस को मिली बडी कामयाबी,

अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 50 लाख रूपये कीमत की 500 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार।

नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत श्री एस. आनन्द, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार मादक पदार्थ की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम व तस्करी मे संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्री संजीव कुमार वाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश व श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुवायां के पर्यवेक्षण में थाना बण्डा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 29.04.23 की प्रातः 09.25 बजे थाना बण्डा पुलिस द्वारा मुखबिर खास द्वारा मिली सूचना पर देवकली रोड पर जूनियर स्कूल के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर कर्मवीर सिंह को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 500 ग्राम अफीम बरामद की गयी। **जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रूपये है**। बरामदगी के आधार पर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1- कर्मवीर सिंह पुत्र गुलजार सिंह नि0 ग्रा0 डिमरई थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,

बरामदगी का विवरण –

1- कुल 500 ग्राम अफीम नाजायज।

पंजीकृत अभियोग –

1- मु0अ0सं0-276/2023 धारा 8/18 NDPS ACT बनाम कर्मवीर सिंह, थाना बण्डा, शाहजहाँपुर

विवरण पूछताछ

अभियुक्त कर्मवीर उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मै फरीदपुर बरेली क्षेत्र से माल लिया है तथा उचित लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से जनपद बरेली, पीलीभीत, शाहजहाँपुर आदि क्षेत्रों में ट्रक चालकों व ढोबा पर आदि को माल सप्लाई कर देता हूं और जो हमे माल देने आता है वह अपने को कही बाहर का रहने वाला बताता है, उसकी पूरी जानकारी मुझ को नही है। अभियुक्त ने बताया कि वह एक बार माह नवम्बर 2022 में फरीदपुर पंजाब से भी अफीम तस्करी के मामले में जेल गया था। पूछताछ के दौरान प्रकाश मे आये तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार सहरावत थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री गोविन्द सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 747 मोनी कुमार थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 1788 प्रिन्स चौधरी थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 1497 हरवीर सिंह थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर